हिसार में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (IMC)

चर्चा में क्यों?

अमृतसर–कोलकाता औद्योगिक गलियारा (AKIC) **पहल** ने **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (NICDIT)**, **हरियाणा सरकार** और हरियाणा हवाई अड्डा विकास निगम (HADC) के बीच **राज्य समर्थन समझौते (SSA)** तथा **शेयरधारक समझौते (SHA)** पर हस्ताक्षर के साथ एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

- इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के **हिसार** में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (IMC) का विकास करना है।

मुख्य बिंदु

- **समझौते के बारे में:**
  - **SSA और SHA के तहत** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (NICDC) हरियाणा सरकार को हिसार में **एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (IMC)** विकसित करने में सहायता करेगा।
  - यह परियोजना भारत में राज्य सरकारों के साथ चल रही 20 परियोजनाओं में से एक है।
- **IMC हिसार:**
  - हरियाणा में स्थित यह क्लस्टर राज्य की आर्थिक संवृद्धि का प्रमुख **प्रेरक** बनने की क्षमता रखता है।
  - यह विकास परियोजना **2,988 एकड़** में फैली हुई है। यह **अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर (AKIC)** का हिस्सा है और हाल ही में उद्घाटित **महाराजा अग्रसेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, हिसार** के निकट स्थित है।
  - इस परियोजना में **32,417 करोड़ रुपए** की निवेश होने की संभावना है तथा परियोजना लागत **4,680 करोड़ रुपए** है एवं इससे **1.25 लाख रोज़गार** सृजित होने की उम्मीद है।
  - यह ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC) के बीच रणनीतिक रूप से स्थित है, जो NH-52, NH-09, रेल संपर्क तथा प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्रों की निकटता के माध्यम से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करता है।
  - उन्नत बुनियादी ढाँचे और हिसार शहर की निकटता के साथ, IMC हिसार हरियाणा तथा उत्तर भारत के औद्योगिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अमृतसर कोलकाता औद्योगिक गलियारा

- इसे भारत सरकार द्वारा **ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC)** के साथ एक प्रमुख औद्योगिक गलियारे के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो छह राज्यों में **1,839 किमी** की लंबाई को कवर करता है।
- AKIC को चरणबद्ध तरीके से EDFC के दोनों ओर 150-200 किमी की पट्टी में विकसित करने का प्रस्ताव है।
- AKIC का प्रभाव क्षेत्र **सात राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल** में होगा।
- प्रथम चरण में विकास के लिये निम्नलिखित एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (IMC) की पहचान की गई है:
  - हिसार एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर IMC, हरियाणा
  - प्रागखुरपिया एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, उत्तराखंड
  - राजपुरा-पटियाला IMC, पंजाब
  - आगरा, उत्तर प्रदेश में IMC और **सरस्वती हाई-टेक सिटी**, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
  - न्यू बहरी नोड, झारखंड
  - गया IMC, बिहार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/integrated-manufacturing-cluster-imc-in-hisar